# कालेज में एक पेड़ मां के नाम मुहिम के तहत हुआ वृक्षारोपण

**हमारे प्रतिनिधि**

जामुल (अग्रदूत)। डॉ मनराखन लाल साहू शासकीय महाविद्यालय जामुल में एक पेड़ मां के नाम मुहिम के तहत वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय अपर संचालक डॉ राजेश पांडेय उपस्थित रहे। अध्यक्षता संस्था प्रमुख प्राचार्य डॉक्टर पीडी सोनकर ने की। दोनों ने अपनी अपनी मां के नाम से एक-एक पौधा रोप कर कार्यक्रम का श्री



गणेश किया। इस अवसर पर बच्चों को संबोधित करते हुए डॉ पांडेय ने कहा कि वृक्षारोपण एवं जलसंरक्षण पूरे विश्व की महती आवश्यकता है। पूरे विश्व ने विज्ञान और टेक्नोलॉजी के सहारे खूब भौतिक उन्नति कर ली है। लेकिन इस एक पक्षीय उन्नति में प्रकृति और पर्यावरण का दोहन और प्रदूषण हुआ कि आज हमें स्वच्छ पेयजल और प्राण वायु के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। क्लाइमेट चेंज और ग्लोबल वार्मिंग इसी एकांगी विकास का विनाशकारी प्रतिफल है। संस्था प्रमुख प्राचार्य डॉ पी डी सोनकर ने बताया कि इस वर्ष महाविद्यालय परिसर में तीन सौ से अधिक पौधों का रोपण किया जाएगा। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ आरके मिश्रा ने वृक्षारोपण अभियान को मां के साथ जोड़कर चलाए जाने की सराहना की। अंत में प्राध्यापिका डॉ श्रीमती चंदना बोस ने आभार प्रकट किया।

## 'एक पेड़ मां के नाम' चलाया मुहिम

मिलाई। डॉक्टर मनराखनलाल साहू शासकीय महाविद्यालय जामुल में 'एक पेड़ मां के नाम' मुहिम के तहत पौधारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा क्षेत्रीय अपर संचालक डॉ. राजेश पांडे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था प्रमुख प्राचार्य डॉक्टर पीडी सोनकर ने की। दोनों अतिथियों ने अपनी अपनी मां के नाम से एक-एक पौधा रोप कर कार्यक्रम शुरु किया। इस अवसर पर बच्चों को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉक्टर पांडे ने कहा कि वृक्षारोपण एवं जलसंरक्षण पूरे विश्व की महती आवश्यकता है। पूरे विश्व ने



विज्ञान और टेक्नोलॉजी के सहारे खूब भौतिक उन्नति कर ली है। लेकिन इस एक पक्षीय उन्नति में प्रकृति और पर्यावरण का दोहन और प्रदूषण हुआ कि आज हमें स्वच्छ पेयजल और प्राण वायु के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। क्लाइमेट चेंज और ग्लोबल वार्मिंग इसी एकांगी विकास का विनाशकारी प्रतिफल है। आज, इसके दुष्प्रभाव को पूरी दुनिया झेलने को विवश है। भारत युवाओं का देश है और युवा क्रांति के संवाहक होते हैं। अतः आप सभी युवा विद्यार्थी गण प्राणपण से वृक्षारोपण और इसके संरक्षण संवर्धन में जुट जाएं। संबोधन की कड़ी में कार्यक्रम के अध्यक्ष संस्था प्रमुख प्राचार्य डॉ. पीडी सोनकर ने बताया कि इस वर्ष महाविद्यालय परिसर में तीन सौ से अधिक पौधों का रोपण किया जाएगा। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. आरके मिश्रा ने वृक्षारोपण अभियान को मां के साथ जोड़कर चलाए जाने की सराहना की। इससे हम अपने द्वारा रोपित पौधे से भावनात्मक रूप से जुड़ जाते हैं। इससे पौधे की देखमाल और संरक्षण में हम स्वस्फूर्त लग जाते हैं। इससे अभियान के सफल होने संभावना बढ़ जाती है। कार्यक्रम के अंत में प्राध्यापिका डॉ. चंदना बोस ने आभार प्रकट किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक गण एवं कार्यालयीन कर्मचारी और सभी संकायों के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। सभी छात्र छात्राओं ने अपने मां के नाम एक एक पौधा लगाए और पौधा के बढ़ते तक देख रेख करने का संकल्प लिया।


DR. MANRAKHAN LAL SAHU SHASKIYA
वृक्षारोपण एवं संरक्षण




DR. MANRAKHAN LAL SAHU SHASKIYA MAHAVIDYALAYA


शासकीय महाविद्यालय जामुल में स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया गया।

******

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत आज महाविद्यालय के सभी स्वयंसेवकों को टोपी ,हैंड ग्लव्स ,मास्क एवं डायरी वितरित किया गया ।इस अवसर पर प्राचार्य महोदय ने स्वयंसेवकों को प्रेरित करते हुए कहा कि आगामी गांधी जयंती तक प्रतिदिन आपको अपने महाविद्यालय एवं घर तथा मोहल्ले में नियमित रूप से सफाई कार्य करना है। उसके फोटोग्राफ्स अपने एनएसएस ग्रुप में भेजना है। आप सभी युवा क्रांति के संवाहक होते हैं। समाज में जब कोई बड़ा बदलाव लाना हो तो युवाओं को ही जिम्मेदारी सौंपी जाती है।*स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता* के नारे को चरितर्थ करना है। आप सभी स्वछता के एम्बेसडर अर्थात् दूत हैं। आप अपने परिवार और समाज को स्वच्छ रखने हेतु इतना प्रेरित करें कि स्वच्छता उनकी आदत बन जाएवर्ष 2014 से स्वच्छ भारत अभियान चल रहा है ।इस वर्ष अभियान के दस वर्ष से पूरे होने पर इसे विशिष्ट तरीके से  केंद्र एवं राज्य सरकार के द्वारा आयोजित करने का निर्णय लिया गया है ।अतः आप सभी बढ़-चढ़कर स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में सहभागी बने। कार्यक्रम अधिकारी श्री कश्यप के निर्देशन में सभी स्वयं सेवकों ने महाविद्यालय परिसर में गाजर घास उन्मूलन का कार्य किया। इस कार्यक्रम में डॉ आर के मिश्रा, डॉ चंदना बोस, डॉ मेश्राम, डॉ रचना अग्रवाल, डॉ माहुले,सुश्री विनिता परगनिहा, डॉ संजय परगनिहा एवं सुश्री शर्मा ने स्वच्छता अभियान में अपना सक्रिय योगदान दिया।

# DMLS GOVT.COLLAGE JAMUL(BHILAI)














डॉ मनराखन लाल साहू शासकीय महाविद्यालय जामुल में माननीय अहिवारा विधायक आदरणीय डोमन लाल कोर्सेवाड़ा ने अपने विधायक निधि से कंप्यूटर लैब और स्मार्ट क्लास बनवाए। माननीय कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा जी, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन तथा युवा कल्याण एवं खेल मंत्री छत्तीसगढ़ शासन ने एक भव्य कार्यक्रम के माध्यम से नव निर्मित कंप्यूटर लैब ,स्मार्ट क्लास तथा पेयजल हेतु वाटर कूलर का उद्घाटन किया। अपने उद्बोधन में आदरणीय मंत्री जी ने आधुनिक शिक्षा में कम्प्यूटर ज्ञान के महत्व को रेखांकित करते कहा कि यह कंप्यूटर लैब इस महाविद्यालय के छात्र छात्राओं के लिए मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने इस हेतु विधायक श्री कोर्सेवाड़ा जी की दूरदर्शिता की प्रशंसा की। मंत्री जी छात्रों से प्रत्यक्ष चर्चा भी की। चर्चा के दौरान वे जीवन में विचारों के महत्व को रेखांकित करते हुए एक कुम्हार एवं मिट्टी के संवाद से जुड़ी कहानी सुनाई। आदरणीय विधायक कोर्सेवाड़ा जी ने कम्प्यूटर लैब एवं स्मार्ट क्लास छात्रों को समर्पित करते हुए मन लगाकर पढ़ने की हिदायत दी। इस अवसर पर आदरणीय मंत्री एवं विधायक जी के द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक मालती निर्मलकर को साहसिक शिविर हिमाचल प्रदेश में और शोभा शर्मा को राष्ट्रीय एकता शिविर पश्चिम बंगाल में एवं वैशाली वर्मा को तात्कालिक भाषण एवं वादविवाद प्रतियोगिता में मैसूर कर्नाटक जाकर शासकीय महाविद्यालय जामुल का प्रतिनिधित्व करने हेतु पुरस्कृत एवं सम्मानित किए। सम्मान के इस क्रम में महाविद्यालय की प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले सभी संकाय के छात्र छात्राओं एवं एनईपी के ब्रांड एंबेसडर स्टूडेंट्स को सम्मानित किए। मंचीय कार्यक्रम के समापन के उपरांत माननीय मंत्री जी एवं विधायक सहित सभी अतिथियों ने "स्वच्छता ही सेवा अभियान"के तहत महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा अभियान के स्वयं सेवकों के साथ मिलकर स्वच्छता अभियान चलाया। माननीय मंत्री टंक राम वर्मा ने स्वच्छता अभियान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वच्छता जीवन प्रत्येक पड़ाव और स्थल पर आवश्यक है इसलिए सनातन संस्कृति में दीपावली के पूर्व प्रतिवर्ष गांव गांव, शहर शहर सघन स्वच्छता अभियान चलाया जाता है। मंत्री जी की सहभागिता से स्वयं सेवकों का उत्साह वर्धन हुआ। वे काफी प्रसन्न और आत्मविश्वास से भरे हुए नजर आए।महाविद्यालय के प्राचार्य एवं जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष ने सभी अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किए। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों सहित बड़ी तादात में छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# DMLS GOVT.COLLAGE JAMUL(BHILAI)





## जामुल कॉलेज को मिली कम्प्यूटर लैब व स्मार्ट रुम की सौगात



राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने किया लोकार्पण

## Verma inaugurates computer lab, smart class, water facility in Jamul College

■ Staff Reporter
BHILAI, Sept 30

COMPUTER lab, smart class and drinking water facility were inaugurated by Revenue and Disaster Management, Sports and Youth Welfare Minister Tankram Verma at Dr Manrakhanlal Sahu Government College Jamul.

For this work, an amount of Rs 19,90,000 was donated by Ahiwara MLA Domanlal Korsewada.

Cabinet Minister, while outlining the importance of computer knowledge in modern education, said that these facilities will prove to be a milestone for the students.

MLA Korsewada said that the said laboratory will be helpful in providing employment opportunities to the students in future. College Principal Dr P D Sonkar said that now the students will not have to go far for computer related courses. Regional Additional Director of Higher Education Department Dr Rajesh Pandey visited the laboratory.



Cabinet Minister Tankram Verma along with other dignitaries present during the dedication ceremony

On this occasion, Minister rewarded and honoured National Service Scheme volunteer Malti Nirmalkar for representing the college in the Adventure National Unity Camp West Bengal and Vaishali Verma for representing the college on the spot speech and debate competition in Mysore Karnataka.

The programme was conducted by Professor Gajendra Kashyap and the vote of thanks was proposed by Professor Dr Ramesh Kumar Mishra. In this program, Bhilai District BJP President Mahesh Verma, Yashwant Thakur, Rekhram Banchhor, Jogeshwar Soni, MLA representative Satish Sahu, Sunita Chennewar, Councillor Tileshwar Dewangan and local citizens were present.





शासकीय महाविद्यालय जामुल द्वारा गांधी जयंती के अवसर पर सघन स्वच्छता अभियान चलाया गया

******

"स्वच्छता ही सेवा अभियान "के तहत महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में विगत 17 सितंबर से 02 अक्तूबर तक लगातार स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसी क्रम में सत्य और अहिंसा के पूजारी पूज्य बापू एवं सरलता की प्रतिमूर्ति शास्त्री जी के जयंती पर स्वयंसेवकों ने अपने गृह ग्राम एवं मोहल्ले में व्यापक स्तर पर साफ सफाई की ,स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस तरह स्वयं सेवकों ने देश के इन महान सपूतों को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की। नगर पालिका क्षेत्र जामुल अंतर्गत वार्ड 18 और 19 सुरडुंग के स्वयंसेवकों ने महामाया मंदिर परिसर में झाड़ू पोछा लगाते हुए स्वच्छता अभियान प्रारंभ किया। फिर दुर्गा पंडाल, आंगनबाड़ी केंद्र एवं गली मोहल्लों में वृहद स्तर पर सफाई कार्य किया। इसी तरह ग्राम बासीन से आने वाले हमारे कॉलेज के स्वयं सेवकों ने अपने गृह ग्राम के मोहल्लों में झाड़ू लगकर एवं बहते जल हेतु नाली निर्माण कर स्वच्छता अभियान के तहत अपनी जिम्मेदारियों का स्वस्फूर्त निर्वहन किया। इस स्वच्छता अभियान में क्षेत्र के नागरिकों एवं जन प्रतिनिधियों ने स्वयं सेवकों का उत्साह वर्धन किया। वार्ड 19 जामुल की पार्षद श्रीमती अहिल्या वर्मा ने बच्चों के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था भी की। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ पी डी सोनकर ने स्वयं सेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि गांधी जी एवं शास्त्री जी ने देश को आजाद करा कर अपने कर्तव्य का पालन किया। वे देश को केवल अंग्रेजों से आजाद नहीं कराना चाहते थे अपितु इसे स्वच्छ और समृद्ध भी बनाना चाहते थे। अब उनके सपनों का भारत बनाने की जिम्मेदारी आप युवाओं की है। आप स्वयं से शुरुवात करते हुए अपने गली,मोहल्ले,गांव और कार्यस्थल को यथा संभव स्वच्छ रखने का प्रयास करते रहेंगे ऐसा मेरा विश्वास है। स्वयं सेवक विभा वर्मा, यामिनी वर्मा, खुशी जांगड़े, गौरव निर्मलकर , सिद्धि यादव, पूजा साहू, डॉली साहू, पूनम, वैशाली वर्मा, अंजली वर्मा,मानसी दीप्ति साहू, दिव्या साहू, आदि सभी संकाय के रासेयो स्वयं सेवकों ने इस स्वच्छता अभियान में सक्रीय भूमिका निभाई। महाविद्यालय परिवार इन बच्चों की उज्ज्वल भविष्य कामना करता है।








## जामुल कॉलेज में चला स्वच्छता अभियान



जामुल। स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत आज शासकीय महाविद्यालय जामुल में स्वयंसेवकों को टोपी, हैंड ग्लव्स, मास्क एवं डायरी वितरित किया गया। प्राचार्य ने कहा कि आगामी गांधी जयंती तक प्रतिदिन आपको अपने महाविद्यालय एवं घर तथा मोहल्ले में नियमित रूप से सफाई कार्य करना है। आप सभी स्वछता के एम्बेसडर अर्थात दूत हैं। अधिकारी श्री कश्यप के निर्देशन में सभी स्वयं सेवकों ने परिसर में गाजर घास उन्मूलन का कार्य किया। इस कार्यक्रम में डॉ. आरके मिश्रा, डॉ. चंदना बोस, डॉ. मेश्राम, डॉ. रचना अग्रवाल, डॉ. माहुले, सुश्री विनिता परगनिहा, डॉ. संजय परगनिहा एवं सुश्री शर्मा ने सक्रिय योगदान दिया।

26.07.24 (2)

# जामुल महाविद्यालय में कारगिल विजय दिवस पर परिचर्चा आयोजित

**हमारे प्रतिनिधि**

जामुल (अग्रदूत)। डॉ मनराखन लाल साहू शासकीय महाविद्यालय जामुल में कारगिल विजय दिवस के अवसर पर परिचर्चा आयोजित किया गया। परिचर्चा में मुख्य वक्ता के रूप में प्राचार्य डॉ पीडी सोनकर ने कारगिल युद्ध में कैप्टन बत्रा के सूझबूझ और साहस का वर्णन करते हुए बताया कि कैसे उन्होंने कठिन परिस्थितियों में कारगिल की दुर्गम चोटियों तक जवानों के लिए रशद पहुंचाने का कार्य किया। कैसे पाकिस्तानी सेना के नापाक इरादों को ध्वस्त किया और देश के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। हमें अपने जवानों की शहादत को कभी नहीं भूलना चाहिए । उन्हीं की बदौलत हम लोग आज आजाद भारत में सुख चैन की जिंदगी बसर कर रहे हैं ।

इस अवसर पर राजनीति विज्ञान के सहायक प्राध्यापक बलराज ताम्रकार ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि हमारे जवान सीमा पर अपने दायित्व का निर्वहन कर रहे हैं तो हमें भी अपनी जिम्मेदारियां का पालन भली भांति करना चाहिए। ताकि देश उत्तरोत्तर प्रगति की राह पर आगे बढ़ता रहे। इसी क्रम में वाणिज्य विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ मेश्राम ने कहा कि कारगिल विजय की 25 वीं वर्षगांठ में अपने जवानों के शौर्य को नमन करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं। इस कार्यक्रम में सभी संकाय के छात्र-छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।



कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य ने सभी उपस्थित छात्र-छात्राओं को पंच प्रण शपथ दिलाया कि हम सुसंस्कार एवं व्यक्तित्व निर्माण तथा देश के विकास के पथ पर अग्रसर करने में अपना सर्वस्व निछावर करेंगे । इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों ने भाग लिया।

# कारगिल विजय दिवस पर जामुल महाविद्यालय में हुई संगोष्ठी

नईदुनिया 28जुलाई रविवार

नईदुनिया न्यूज, जामुल : डा. मनराखनलाल साहू शासकीय महाविद्यालय जामुल में शुक्रवार को कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। परिचर्चा में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित प्राचार्य डा. पीडी सोनकर ने कारगिल युद्ध में कैप्टन बत्रा की सूझबूझ और साहस का वर्णन करते हुए बताया कि कैसे उन्होंने कठिन परिस्थितियों में कारगिल की दुर्गम चोटियों तक जवानों के लिए रसद पहुंचाने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि हमें अपने जवानों की बलिदान को कभी नहीं भूलना चाहिए। राजनीति विज्ञान के सहायक प्राध्यापक बलराज ताम्रकार ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि हमारे जवान सीमा पर अपने दायित्व का निर्वहन कर रहे हैं तो हमें भी अपनी जिम्मेदारियां का पालन भली भांति करना चाहिए। संगोष्ठी में वाणिज्य विभाग के सहायक प्राध्यापक डा. मेश्राम ने भी अपनी बात रखी। कार्यक्रम में सभी संकाय के छात्र-छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। इस मौके पर उपस्थित छात्र-छात्राओं को व्यक्तित्व निर्माण व देश के विकास के पथ पर अग्रसर करने की शपथ दिलाई गई।



जामुल महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में शपथ लेते विद्यार्थी। ● नईदुनिया